एक नजर में

## अधिवक्ता संघ ने मनाया संविधान दिवस



इंदौर. अधिवक्ता संघ देपालपुर द्वारा संविधान दिवस गरिमापूर्ण वातावरण में उत्साह और समर्पण के साथ मनाया गया. कार्यक्रम में वर्ष 1983 से 84 तक देपालपुर में एसडीओ पद पर पदस्थ रहे सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी विनोद सिंह बघेल मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे. अपने संबोधन में विनोद सिंह बघेल ने कहा कि हमारा संविधान न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की वह ज्योति है, जो राष्ट्र को दिशा, गति और ऊर्जा प्रदान करती है.ॅ जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि संविधान दिवस केवल समारोह नहीं, बल्कि हमारी न्यायधर्मिता, संवैधानिक मूल्यों और कर्तव्यों के प्रति पुन:संकल्प का दिन है. अधिवक्ता संघ का यह प्रयास न केवल विधिक समुदाय को सशक्त करता है, बल्कि समाज में संवैधानिक चेतना का उजाला भी फैलाता है. एसडीएम राम मोहन त्रिपाठी ने भी कार्यक्रम में सभी अधिवक्ताओं को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी. अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अंतर सिंह मौर्य ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया तथा कहा कि संविधान दिवस विधि-परिवार की आत्मा को पुन:जाग्रत करने का श्रेष्ठ अवसर है. कार्यक्रम का संचालन सचिव दिनेश डोंड ने किया. आभार वीरेंद्र नागर ने माना. कार्यक्रम में टीआई रणजीत सिंह बघेल, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र पटेल, जी के नायक, बीएस यादव, चेतन हार्डिया, एमडी बैरागी, सी.एस. जोशी, उपाध्यक्ष दिलीप डाबी, आशीष सोनी, युवराज नागर, एमडी बैरागी, रोहित शर्मा दिलीप वर्मा, चेतन राठौर, अंकुश जैन दुलेंद्र जैन, योगेंद्र यादव, रिजवान मंसूरी, चंद्रेश यादव, नायब नाजिर दिलीप यादव सहित समस्त अभिभाषकगण उपस्थित रहे.

## ट्रेज़र आइलैंड व नेक्सस इंदौर सेंट्रल में ब्लैक फ्राइडे सेल

इंदौर. शहर के सबसे पसंदीदा शॉपिंग डेस्टिनेशन—ट्रेज़र आइलैंड और नेक्सस इंदौर सेंट्रल—28 से 30 नवंबर तक ब्लैक फ्राइडे सेल का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें 100 से अधिक ब्रांड्स पर 50% तक के आकर्षक डिस्काउंट उपलब्ध होंगे. ऑफर्स फैशन, ब्यूटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सेसरीज़, होम डेकोर और अन्य कई कैटेगरी में मिलेंगे. इस साल का सेल अनुभव पहले से कहीं अधिक बड़ा और रोमांचक होने वाला है. खरीदारों को फास्ट फैशन, ब्यूटी, नवीनतम इलेक्ट्रॉनिक्स और लाइफस्टाइल उत्पादों पर बेहतरीन ऑफर्स मिलेंगे. आकर्षक छूटों के साथ-साथ ट्रेज़र आइलैंड और नेक्सस इंदौर सेंट्रल ने ग्राहकों के लिए स्पेशल गिवअवे, एश्योर्ड गिफ्ट्स और एक्सक्लूसिव रिवार्ड्स भी तैयार किए हैं. खरीदारी करने वाले ग्राहक अपने शॉपिंग बिल नेक्सस वन ऐप पर अपलोड करके खास ब्लैक फ्राइडे रिवार्ड्स और 2× रिवार्ड प्वाइंट्स प्राप्त कर सकते हैं, जिससे हर खरीदारी और भी फायदेमंद हो जाएगी।

## मुराई मौर्य समाज द्वारा डॉ. महतो का सम्मान



इंदौर. मुराई मौर्य समाज, इंदौर द्वारा नेपाल के प्रतिष्ठित समाजशास्त्री एवं नेपाल कुशवाहा, हार्डिया, मौर्य, शाक्य समाज के अध्यक्ष डॉ. वीर बहादुर महतो का सम्मान जमनाबाई हजारीलाल मुराई मौर्य समाज धर्मशाला, पीपल्यापाला में आयोजित समारोह में किया गया. कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष जयदीप वर्मा ने समाज की गतिविधियों, प्रगतिशील पहलों और सामाजिक एकता के प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की. अपने संबोधन में डॉ. वीर बहादुर महतो ने कहा आज के प्रगतिशील समय में जब भारतीय समाज के लोग दुनिया भर में सक्रिय हैं, ऐसे में सजातीय समुदायों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगठित होना महत्वपूर्ण आवश्यकता है. हमें अपने गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर को मिलकर आगे बढ़ाना चाहिए. डॉ. महतो भोपाल में आयोजित विश्वरंग उत्सव में विलुप्त होती भाषाएँ एवं बोलियाँ विषय पर व्याख्यान भी देंगे. संचालन मनोहर हार्डिया (मंजू जी) परिचय डॉ. सुरेश पटेल एवं आभार प्रदर्शन सदाशिव मौर्य ने किया गया.

## वेल्थी को 130 करोड़ रुपए की फंडिंग मिली

इंदौर. म्यूचुअल-फंड डिस्ट्रीब्यूटर और वेल्थ मैनेजमेंट प्रोफेशनल के लिए भारत के लीडिंग वेल्थ-टेक प्लेटफॉर्म वेल्थी.इन ने बर्टेल्समैन इंडिया इन्वेस्टमेंट्स की लीडरशिप में सीरीज बी राउंड में 130 करोड़ रुपए जुटाए हैं. इस राउंड में मौजूदा निवेशक अल्फावेव ग्लोबल, नए निवेशक शेफर्ड्स हिल और जाने-माने टेक उद्यमियों के एक ग्रुप ने भी हिस्सा लिया. वेल्थी के सह-संस्थापक प्रशांत गुप्ता ने कहा हमारा विजन पूरे भारत में वेल्थ एंटरप्रेन्योर्स की एक पूरी तरह से नई सप्लाई अनलॉक करना है. हम देख रहे हैं कि रिलेशनशिप मैनेजर्स, एक्स-बैंकर्स और फाइनेंस प्रोफेशनल्स ट्रेडिशनल रोल्स छोड़कर इंडिपेंडेंट प्रैक्टिस बना रहे हैं. ये प्रोफेशनल्स सच्चे वेल्थ एंटरप्रेन्योर्स बन रहे हैं, अपना खुद का बिजनेस चला रहे हैं और लॉन्ग-टर्म इक्विटी बना रहे हैं. वेल्थी उन्हें वह सब कुछ देता है, जिसकी उन्हें जरूरत है: कॉम्प्रिहेंसिव टेक्नोलॉजी, प्रोफेशनल टूल्स, सभी एसेट क्लासेस-म्यूचुअल फंड्स, इक्विटीज, बॉन्ड्स, पीएमएस, एआईएफ्स में प्रोडक्ट्स तक एक्सेस, साथ ही इंश्योरेंस और फाइनेंशियल सॉल्यूशंस भी.

## ज़ी5 ने साली मोहब्बत का ट्रेलर किया रिलीज़

इंदौर. हिंदी ज़ी5 ने आज अपनी आने वाली ऑरिजिनल फिल्म, साली मोहब्बत का बेहद रोमांचक ट्रेलर रिलीज़ किया। हाउ-डननिट जॉनर की ये फिल्म दर्शकों को लुभाने वाली है, और ये टिस्का चोपड़ा की फीचर-फिल्म डायरेक्टर के तौर पर पहली फिल्म है जो सीधे डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर रिलीज होगी. इस फ़िल्म में राधिका आप्टे, दिव्येंदु शर्मा, अनुराग कश्यप, अंशुमान पुष्कर, शरत सक्सेना, सौरसेनी मैत्रा ने दमदार अभिनय किया है, साथ ही कुशा कपिला का एक खास कैमियो भी है. जियो स्टूडियोज़ और मनीष मल्होत्रा के स्टेज5 प्रोडक्शन द्वारा प्रोड्यूस की गई ये फिल्म दर्शकों को तनाव और जज्बातों से भरी दुनिया में ले जाती है, जहाँ सच उतना आसान नहीं, जितना दिखाई देता है. आईएफएफआई और शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में भरपूर तारीफ़ पाने वाली फिल्म, साली मोहब्बत 12 दिसंबर को सिर्फ ज़ी5 पर प्रीमियर के साथ ज़्यादा-से-ज़्यादा दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार है.

## आईवीएफ में दवाएं पेशेंट के आनुवंशिकी पर आधारित हों

इंदौर. हर महिला का शरीर दवाओं पर अलग तरह से प्रतिक्रिया देता है - किसी के लिए कम दवा भी काम कर जाती है तो किसी और को अधिक समय और सावधानी की आवश्यकता होती है. लंबे समय तक आईवीएफ में एक ही तरह की दवा, एक ही तरह की खुराक सभी पर लागू की जाती थी- जबकि असलियत यह है कि हर पेशेंट का शरीर अलग कहानी कहता है. अब विज्ञान बदल रहा है. डॉ. आस्था जैन, फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, इंदौर, ने समझाया कि पेशेंट के आनुवंशिकी और जानकारी की मदद से आज इलाज को व्यक्तिगत रूप से बनाया जाता है. कई रिसर्च साफ दिखाती हैं कि आनुवंशिकी के कुछ पहलु यह तय करते हैं कि किसी महिला के अंडाशय दवाओं पर कैसे प्रतिक्रिया देंगे. ह्यूमन रिप्रोडक्शन अपडेट नामक एक अध्ययन ने इस अंतर को स्पष्ट रूप से दिखाया कि ऐसे जीन वेरिएंट को समझना डॉक्टरों को शुरुआत से ही डोज़ तय करने में मदद करता है- जिससे दुष्प्रभाव कम होते हैं और बेहतर गुणवत्ता के अंडे मिलते हैं.

## यू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बोर्ड में की महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ

इंदौर. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी), भारत का सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक है और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से यूनिवर्सल बैंक में ट्रांजिशन के लिए इन-प्रिंसिपल मंजूरी प्राप्त करने वाला एक दशक में पहला एसएफबी है। एयू एसएफबी ने श्री नरसिंगानेल्लोर वेंकटेश श्रीनिवासन (एन एस वेंकटेश) और श्री सत्यजीत द्विवेदी को तीन वर्ष के लिए नॉन-एग्जीक्यूटिव इंडिपेंडेंट डायरेक्टर नियुक्त किया है. साथ ही, सुश्री मालिनी थडानी को तीन वर्ष के दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से नॉन-एग्जीक्यूटिव इंडिपेंडेंट डायरेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है. ये नियुक्तियाँ शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन हैं. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक, एमडी और सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा हम एन एस वेंकटेश और सत्यजीत द्विवेदी का हमारे बोर्ड में स्वागत करते हुए प्रसन्न हैं और सुश्री मालिनी थडानी को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से नियुक्त करते हुए आनंदित हैं. ये लीडर असाधारण अनुभव और विविध दृष्टिकोण लेकर आ रहे हैं, जो हमारे गवर्नेंस को और मजबूत करेंगे.

# निर्धारित समय से पहले निकल गई पटना स्पेशल, कई यात्री छूटे

▶ अधिकारी बोले समय बदलाव की पहले से दी थी सूचना



नव भारत न्यूज

इंदौर. गुरुवार शाम यात्रियों को उस समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब अम्बेडकर नगरङ्कपटना स्पेशल ट्रेन (गाड़ी संख्या 09343) अपने निर्धारित समय से पहले ही स्टेशन से रवाना हो गई. शाम 6 बजे प्रस्थान करने वाली इस ट्रेन के अचानक समय से पहले निकल जाने के कारण कई यात्री प्लेटफॉर्म तक नहीं पहुंच पाए और उनकी यात्रा छूट गई.

यात्रियों ने स्टेशन पर हंगामे के बीच रेलवे अधिकारियों से शिकायत की, जिसके बाद मामला रतलाम मंडल तक पहुंचा. इस संबंध में जब जनसंपर्क अधिकारी, रतलाम मंडल, खेमराज मीना से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट किया कि ट्रेन के समय में हुए बदलाव की सूचना विभाग द्वारा पहले ही जारी कर दे दी गई थी. उन्होंने बताया कि ट्रेन का समय 27 नवंबर से आंशिक रूप से संशोधित किया गया है और यह परिवर्तन सुचारू व सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के लिए किया गया है, इसकी सूचना पहले ही दी जा चुकी थी. जिसके तहत डॉ. अम्बेडकर नगर पटना स्पेशल ट्रेन अब शाम 18.00 बजे अम्बेडकर नगर से प्रस्थान करेगी. रतलाम मंडल के स्टेशनों पर इसके नए समय इस प्रकार हैं. इंदौर (18.30/18.40), फतेहाबाद-चंद्रावतीगंज (19.18/19.20), उज्जैन (19.50/20.00) और मक्सी (20.35/20.37). रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे यात्रा से पहले रेल मदद ऐप या हेल्पलाइन नंबर 139 के माध्यम से समय की नवीनतम जानकारी अवश्य चेक करें.



# सराफा चौपाटी की सूची को लेकर हंगामा

नव भारत न्यूज

इंदौर। आज सराफा चौपाटी के दुकानदारों ने सूची को लेकर हंगामा किया। दुकानदारों का आरोप था कि सूची में छह माह पहले दुकान लगाने वालों शामिल किया और सालों से दुकान लगा रहे लोगों को हटा दिया.

आज रात सराफा चौपाटी में अस्थाई दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने जमकर हंगामा किया. धरना प्रदर्शन भी किया। दुकानदारों का आरोप था कि पुराने दुकानवालों ने अपने परिवार और रिश्तेदारों को बचा लिया, जबकि उनको छह माह भी नहीं हुए है। हम 10 से 15 से दुकानें लगा रहे हैं और हमारा नाम सूची में पहले शामिल था और हम गायब हो गया है. इसको लेकर चौपाटी दुकानदारों ने बीच सड़क पर ही सराफा में धरना देना शुरू कर दिया. साथ भारत माता की जय के नारे लगाए. ध्यान रहे कि कल सराफा चौपाटी में दुकानदारों ने रात में 9.30 बजे से दुकानें लगाने का समय तय करने पर भी विरोध किया था.

# एडिशनल एडवोकेट जनरल ने मुझे आदतन अपराधी बता दिया : दिग्विजय सिंह

▶ भाजपा लोकतंत्र की बात करती, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन नहीं मानती



नव भारत न्यूज

इंदौर. प्रदेश के एडिशनल एडवोकेट जनरल ने मुझे आदतन अपराधी बता दिया. भाजपा लोकतंत्र की बात करती है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन नहीं मानती है. मुस्लिमों पर अत्याचार की स्टेटस रिपोर्ट नहीं देने पर अधिकारियों पर कार्रवाई एवं एक कमेटी बनाने की मांग को लेकर कोर्ट के समक्ष निवेदन करने आया हूं. यह बात पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कही.

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज ही शहर में मुस्लिम समुदाय पर अत्याचार को लेकर हाईकोर्ट में निवेदन करने स्वयं उपस्थित हुए. इस दौरान उन्होंने मीडिया से कहा कि अतिरिक्त महाधिवक्ता ने मुझे आदतन अपराधी बता दिया. मुझ पर 11 प्रकरण दर्ज होने की बात कही है, मैंने न्यायधीश के निवेदन किया कि मुझ पर राजनीतिक मुकदमे दर्ज हैं, लेकिन क्रिमनल एक भी मुकदमा दर्ज नहीं है. उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान का पालन करना चाहती है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करना नहीं चाहती है. पालन करने का आवेदन करने पर यह भाजपा, आरएसएस और विहिप अपराधी बना देती है.

### स्टेटस रिपोर्ट क्यों नहीं दी

सिंह ने कहा कि आज 2021 में मुस्लिम अत्याचार पर मैंने कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसकी राज्य सरकार ने आज तक स्टेटस रिपोर्ट नहीं दी है. मैंने हाईकोर्ट से निवेदन किया कि मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी की एक कमेटी बनाई जाए, जहा पर प्रताड़ित व्यक्ति आवेदन दे और उसकी सुनवाई हो. साथ ही पूर्व 11 अधिकारियों, जिसमें मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी, कलेक्टर मंदसौर, इंदौर और उज्जैन, आईजी इंदौर ,उज्जैन एवं एसएसपी इंदौर, एसपी उज्जैन और मंदसौर के खिलाफ प्रकरण दर्ज होकर कारवाई हो. उन्होंने आज तक स्टेटस रिपोर्ट क्यों नहीं दी? मैं कोर्ट में निवेदन करने आया था, सुनवाई तो वकील साहब ही करेंगे. अगली तारीख पर उक्त विषय में बात होगी.

# अग्रवाल कंपाउंड का विकास जनसहयोग से करने पर बैठक में सहमति

▶ विकास का सर्वे एवं प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश



नव भारत न्यूज

इंदौर. आज निगम आयुक्त और महापौर ने देवास नाका क्षेत्र के औद्योगिक संगठन के पदाधिकारियों से विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की. इस दौरान क्षेत्र के विकास हेतु भू उपयोग बदलने और विकास कार्य सीएसआर फंड से करने पर सहमति बनी है.

आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने वार्ड क्रमांक 35 के औद्योगिक क्षेत्र एवं अग्रवाल कंपाउंड में विकास को लेकर व्यापारियों के साथ बैठक की. बैठक में जनसहयोग से प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा एवं चर्चा हेतु बैठक की गई. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों का विकास शहर को आर्थिक गति देता है. अत: सड़क निर्माण, सीवरेज लाइन, स्टॉर्म वॉटर लाइन एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं को दुरुस्त करना अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने संगठन पदाधिकारियों से जनसहयोग के द्वारा काम को तेज गति से आगे बढ़ाने के सुझाव मांगे. साथ व्यापारियों को निगम द्वारा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया. बैठक में क्षेत्रीय पार्षद राकेश सोलंकी, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, संगठन के विकास पांडे, शरद जैन, डॉ संदीप विजयवर्गीय, मुक्ता जैन पांडे, योगेश श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

### स्मरण पत्र भेजने के निर्देश

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा अग्रवाल कंपाउंड एवं आसपास के क्षेत्र का विकास करने हेतु भू उपयोग बदलने की पदाधिकारी से चर्चा की गई. उक्त विषय में शासन को पूर्व भेजे गए प्रस्ताव के संबंध में स्मरण पत्र भेजने के निर्देश दिए. इसके साथ ही जन सहयोग से सड़क निर्माण के पहले स्ट्रॉम वाटर और इंटरनेट लाइन डालने का प्रस्ताव बनाने निर्देश दिए गए. महापौर भार्गव ने लसूडिया मोरी क्षेत्र में इंडस्ट्रियल सीएसआर के द्वारा उद्यानों, तालाब एवं अन्य विकास कार्य करने के प्रस्ताव पर पदाधिकारियों ने सहमति दी गई.

# विवाह सीजन में पुलिस सख्त : मैरेज गार्डन-डीजे संचालकों की ली बैठक

▶ सुरक्षा, ध्वनि नियंत्रण और ट्रैफिक पर स्पष्ट दिशा-निर्देश



नव भारत न्यूज

इंदौर. शादी-विवाह के इस सीजन में शहर में विवाह समारोहों और सामाजिक आयोजनों को देखते हुए पुलिस ने मैरेज गार्डन, डीजे संचालकों और होटल प्रबंधकों की संयुक्त बैठक कर सख्त निर्देश जारी किए हैं. डीसीपी जोन 2 ने आयोजनों के दौरान सुरक्षा, ट्रैफिक, ध्वनि नियंत्रण और व्यवस्था प्रबंधन पर विशेष गाइडलाइन दी.

इंदौर में विवाह समारोहों के बढ़ते आयोजन को सुव्यवस्थित रखने के लिए पुलिस आयुक्त के निर्देश पर पुलिस ने एक बड़ी बैठक आयोजित की. पुलिस उपायुक्त जोन-2 कुमार प्रतीक की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम के सभागार में यह बैठक आयोजित हुई, जिसमें करीब 250 मैरेज गार्डन संचालकों, डीजे ऑपरेटर्स, होटल प्रतिनिधियों और संबंधित थाना प्रभारियों ने भाग लिया. बैठक में एडीसीपी अमरेंद्र सिंह, एसीपी विजय नगर राजकुमार सराफ, एसीपी परदेशीपुरा हिमानी मिश्रा, एसीपी खजराना कुंदन मंडलोई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक का उद्देश्य आगामी विवाह सीजन में सुरक्षा, शांति व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक और ध्वनि प्रदूषण को बेहतर तरीके से संभालना था. डीसीपी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी तरह की अव्यवस्था, ध्वनि सीमा उल्लंघन या यातायात बाधा पर संबंधित संचालकों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी. यह निर्देश विवाह सीजन में शहर की शांति, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सहज बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे हैं.

### सुरक्षा व्यवस्था पर निर्देश

सभी मैरेज गार्डन में उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य होंगे, जिन्हें 24 गुना 7 रिकॉर्डिंग मोड में चलाना होगा. रिकॉर्डिंग कम से कम 30 दिन तक सुरक्षित रखनी होगी. आने जाने वालों के कीमती सामान के लिए सुरक्षित काउंटर की व्यवस्था करना आवश्यक होगा. गार्डन, कैटरिंग और इवेंट स्टॉफ का पुलिस वेरिफिकेशन करवाना जरूरी रहेगा. इसके साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के निर्देश दिए.

### ध्वनि नियंत्रण के निर्देश...

बैठक में ध्वनि नियंत्रण पर सख्त दिशा निर्देश दिए हैं, जिसमें कहा गया कि डीजे और साउंड सिस्टम निर्धारित ध्वनि सीमा में संचालित किए जाएं. रात 10 बजे के बाद तेज ध्वनि वाले डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा. गार्डन में डीजे की आवाज नियंत्रित रखने की जिम्मेदारी गार्डन संचालक की होगी.

### फायर सेफ्टी और अन्य व्यवस्थाएं

बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी गार्डन में फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी एग्जिट और फर्स्ट-एड किट अनिवार्य होंगे. फायर उपकरण चालू अवस्था में हों और स्टॉफ प्रशिक्षित हो. आयोजन का समय, भीड़ और विशेष व्यवस्थाओं की जानकारी पहले से थाने को देना आवश्यक रहेगा. आतिशबाजी नियंत्रित तरीके से निर्धारित दूरी पर की जाए.

**ट्रैफिक और बारात प्रबंधन**

बारात के दौरान मुख्य सड़कों पर जाम न लगे, इसकी विशेष जिम्मेदारी आयोजकों पर होगी. पार्किंग की उचित व्यवस्था, अलग प्रवेश-निकास मार्ग और पर्याप्त प्रकाश सुनिश्चित करना आवश्यक होगा. सड़क पर अनावश्यक वाहन खड़े करने या जाम की स्थिति बनाने पर कार्रवाई की बैठक में चेतावनी दी गई.

## देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में हुआ ई-समाधान ऐप का शुभारंभ

इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राकेश सिंघई ने इंदौर में विश्वअविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए ई-समाधान ऐप का शुभारंभ किया. यह डिजिटल प्लेटफॉर्म विश्वविद्यालय एवं इससें संबद्ध महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की शिकायतों के ऑनलाइन पंजीकरण, उनकी स्थिति की निगरानी तथा समयबद्ध निराकरण की प्रक्रिया को और अधिक सुगम एवं पारदर्शी बनाएगा. इस ऐप से पारदर्शिता, जवाबदेहिता और छात्र-छात्राओं पर केन्द्रित प्रशासन के प्रति डीएवीवी की प्रतिबद्धता बढ़ेगी. ई-समाधान ऐप का निर्माण सेन्टर फॉर रिसर्च एंड इंड्रस्टियल स्टॉफ परफार्मेन्स (क्रिस्प) द्वारा किया गया है. क्रिस्प , तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत मध्यशप्रदेश शासन की संस्था है.

# नव श्रृंगारित छावनी रामद्वारा का लोकार्पण आज

▶ जगतगुरु स्वामी रामदयाल जी महाराज करेंगे लोकार्पण



इंदौर. पारसी मोहल्ला छावनी स्थित प्राचीन नव श्रृंगारित रामद्वारा का भव्य लोकार्पण समारोह 28 नवंबर को प्रात: 8.30 बजे अंतरराष्ट्रीय श्री रामस्नेही सम्प्रदाय, शाहपुरा के विद्यमान पीठाधीश्वर आचार्य जगद्गुरु स्वामी रामदयाल महाराज द्वारा किया जाएगा.

रामद्वारा समिति छावनी के आरडी फरकिया एवं दिनेश धनौतिया ने बताया कि पिछले 3 माह से लगातार इस रामद्वारे का जीर्णोद्धार का कार्य अनवरत चल रहा था. इस पूरे कार्य में समिति के अन्य सदस्य सतीश कचोलिया, योगेश सोनी, सुनील जायसवाल, प्रदीप परतानी, रीतेश माहेश्वरी, रीतेश कृपलानी, सुरेश हेड़ा आदि सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा क्षेत्रीय पार्षद मृदुल अग्रवाल ने भी प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई. क्षेत्र के रहवासी अशोक शर्मा, सुनील जैन, टंटू शर्मा, रीतेश यादव, भूरु शर्मा का कहना है कि पूरे पारसी मोहल्ले के लिए यह एक बड़ी सौगात है. पूरी समिति इसके लिए बधाई की पात्र है. हम लोगों से भी जो सहयोग समिति को चाहिए हम सहर्ष देंगे. अंतर्राष्ट्रीय राम स्नेही संप्रदाय के ट्रस्टी और समिति के सचिव मुकेश कचोलिया ने बताया कि आचार्य श्री 28 नवंबर से 5 दिसंबर तक छावनी रामद्वारा में रहेंगे एवं प्रतिदिन समय की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए प्रात: 9 से 10.30 बजे तक एवं शाम 6.30 से 8 बजे तक ज्ञान-चर्चा ,सत्संग ,आरती एवं अन्य कार्यक्रम होंगे.

एक नजर में ▶ एसकेआरपी गुजराती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में इंडेक्शन प्रोग्राम

# दिल की समस्याओं से बचने जीवनशैली में छोटे बदलाव आवश्यक



इंदौर. एसकेआरपी गुजराती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में आयोजित बीएचएमएस प्रथम वर्ष के इंडेक्शन प्रोग्राम में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भारत रावत ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली और हृदय रोगों की रोकथाम पर प्रभावी मार्गदर्शन दिया.

डॉ. रावत ने कहा कि दिल की समस्याओं से बचने के लिए जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव अपनाना आवश्यक है. उन्होंने कई रोचक, व्यावहारिक और आसानी से अपनाए जा सकने वाले सुझाव दिए, जिनमें जन्मदिन पार्टियों और त्योहारों पर केक, मिठाइयों की जगह फल और ककड़ी सलाद इत्यादि खिलाने की सलाह, दामाद और मेहमानों को अधिक खिलाने के लिए जोर न देना, महिलाओं को भी वॉकिंग, साइकिलिंग रनिंग और वजन उठाने को रोज़मर्रा का हिस्सा बनाना चाहिए. डॉ रावत ने सर्दियों में वायु प्रदूषण से बचते हुए घर में योग सूर्य नमस्कार और प्राणायाम करना बहुत लाभदायक बताया. उन्होंने कहा प्रकृति का ध्यान रखते हुए हमें सादगी पूर्वक जीने का प्रयास करना चाहिए. तभी विश्व में सुख शांति रह सकती है. उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे परिवर्तन न केवल दिल को मजबूत रखते हैं, बल्कि पूरे परिवार की जीवनशैली को स्वस्थ दिशा देते हैं।

### सही उत्तर देने पर दिए पुरस्कार

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें डॉ. राजेश बोर्डिया, डॉ. ए.के. द्विवेदी और डॉ. कोमल जोशी शामिल रहे. कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्राचार्य डॉ. एस.पी. सिंह ने दिया संचालन डॉ. शिखा शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. चेतना शाह द्वारा व्यक्त किया गया इंडेक्शन प्रोग्राम के दौरान विद्यार्थियों से स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे गए और सही उत्तर देने वाले छात्रों को तत्काल पुरस्कार प्रदान किए गए. संचालन डॉ. अनुपम श्रीवास्तव ने किया. कार्यक्रम में छात्रों के साथ-साथ कॉलेज के सभी चिकित्सकगण एवं संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे.